दिन—मंगलवार दिनांक— 11 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई कैबिनेट मंत्रियों ने कार्यभार संभाला।

02. केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जीतन राम मांझी, नित्यानंद राय, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर और चिराग पासवान ने भी पदभार ग्रहण किया।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार किया। नीट यूजी— दो हजार चौबीस परीक्षाओं को रद्द करने की याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जवाब मांगा।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के कई हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में। पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे।

———————————————————————————

नवगठित सरकार के कई कैबिनेट और राज्यमंत्रियों ने आज अपना कार्यभार संभाला। अमित शाह ने आज गृह मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सहकारिता मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। अन्नपूर्णा देवी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री का पद संभाला। विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल की विदेश नीति बहुत सफल रहेगी। आज सुबह कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बात करते हुए डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि राष्ट्र प्रथम और वसुधैव कुटुंबकम भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की पहचान और बढेगी।

अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री का पदभार ग्रहण किया। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने श्री वैष्णव का स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री वैष्णव ने कहा, जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की सेवा करने का आशीर्वाद दिया है।

———बाईट———

दस साल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत की आर्थिक ताकत को 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाए हैं। जन—जन के जीवन में एक बडा चौंज लाए हैं। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की

सरकार जो आर्शिवाद दिया है जनता ने मोदी जी को उस आर्शीवाद को फलीभूत करने के लिए उसी भावना के साथ जनता की सेवा की भावना के साथ काम कर रहें हैं।

डॉ. एल. मुरुगन ने आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में डॉ मुरुगन ने कहा कि सरकारी योजनाओं और नीतियों को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संवाद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है।

———बाईट———

मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहुंगा। आईएनबी मिनिस्ट्री में मेरेको दुबारा मौका मिला काम करने के लिए ये आईएनबी में इंफॉर्मेशन ब्रॉडकास्ट मिनिस्ट्री है एक बहुत महत्वपूर्ण मिनिस्ट्री है ये मिनीस्ट्री सरकार का योजना है सरकार पॉलिसी है सब लोग के साथ जनता के साथ लेके जाने के लिए बहुत बडा काम करने के लिए मौका मिला।

भूपेन्द्र यादव ने आज पर्यावरण मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया। गिरिराज सिंह ने भी आज केंद्रीय कपडा मंत्री का पदभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दिशा निर्देशन में हम टेक्सटाईल मंत्रालय को आगे ले जाने का काम करेंगे।

———बाईट———

टेक्सटाईल आने वाले दिन में देश के आकांशाओं के अनुरूप प्रधानमंत्री के दिशा निर्देशन में हम सब इसको ले जाने का काम करेंगे। क्योंकि ये किसान से भी जुडा हुआ है। मैन मेड टेक्सटाईल भी अब दुनिया के अंदर आ गया है। तो मैं समझता हूँ कि ये टेक्सटाईल सेक्टर आगे भी एक बहुत बडा लोगों को रोजगार देने का अवसर का काम करेगा।

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने आज केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर श्री पासवान ने कहा कि वह दी गई जिम्मेदारी को प्रतिबद्धता, ईमानदारी और मेहनत के साथ निभाएंगे।

———बाईट———

प्रधानमंत्री जी के द्वारा जो भी जिम्मेदारी मुझे दी गई है और यह ऐसे विभाग की जिम्मेदारी मुझे दी गई है जिसकी चर्चा मैने मेरे विजन डॉक्यूमेंट में हमेशा की थी प्रोसेसिंग यूनिट्स जब तक हमारे प्रदेश में नहीं लगेंगे तब तक हम लोग सही माईनों में जो उत्पादन हमारे किसान करते हैं उसकी सही कीमत उनको नहीं मिलेगी कृषि प्रधान देश है। हमारा ऐसे में जरूरी है कि जो उत्पादन वह करते हैं उसकी प्रोसेसिंग बढ़िया से हो पैकेजिंग बढ़िया से इसकी मार्केटिंग बढ़िया से हो।

जीतन राम मांझी ने आज सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि वह कर्म ही पूजा है की अवधारणा में विश्वास रखते हैं और कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है।

---बाईट---

---

वहीं, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पंचायती राज और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के रूप में पदभार संभाला। सांसद रामनाथ ठाकुर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और सांसद नित्यानंद राय ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने आज राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा – नीट स्नातक दो हजार चौबीस के बाद मेडिकल कार्यक्रमों में प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने पांच मई को आयोजित नीट परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए और अन्य से जवाब मांगा है। इस मामले को एक अन्य लंबित याचिका के साथ जोडकर अब आठ जुलाई को सुनवाई होगी। परीक्षा में कदाचार और धोखाधड़ी की शीघ्र और गहन जांच करने के लिए छात्रों द्वारा याचिका दायर की गई है। इसमें परीक्षा के नतीजों को वापस लेने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की भी मांग की गई है।

---

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग –यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों को अगले शैक्षणिक वर्ष से साल में छात्रों को दो बार प्रवेश देने की अनुमति देने का नीतिगत निर्णय लिया है। वर्तमान में यूजीसी एक वर्ष में एक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की अनुमति देता हैं। यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने कहा कि इससे उन छात्रों को अधिक फायदा मिलेगा जिनके बोर्ड परिणामों की घोषणा में देरी हो जाती है या जो स्वास्थ्य समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से प्रवेश लेने से चूक जाते हैं।

---

रूपौली विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए चौदह जून को अधिसूचना जारी किया जायेगा। इक्कीस जून तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित की गयी। मतदान दस जुलाई को होगा जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी। गौरतलब है कि जदयू विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के बाद यहां उप चुनाव कराया जा रहा है।

———————————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के कई हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। उमस और झुलसाने वाली गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर, अरवल, रोहतास बक्सर, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा और बेगूसराय समेत कई जिलों में अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस और उससे ऊपर दर्ज किया गया। इस अवधि में पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के लिए राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

इधर, शिक्षा विभाग ने भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से बचाव के लिए प्रदेश के सभी स्कूलों को आज से पंद्रह जून तक बंद करने का आदेश दिया है। इस दौरान शिक्षकों को भी छुट्टी दी गयी है।

———————————————————————————

आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी और लू से बचने को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं। लोगों को धूप में नहीं निकलने की सलाह दी गयी है। यदि निकलना आवश्यक हो तो छाता का इस्तेमाल करने को कहा गया है। साथ ही लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पेय–पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी गयी है। एम्स नई दिल्ली के चिकित्सक डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

———बाईट———

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र के चकंद्रा गांव स्थित एक घर में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर लगभग डेढ़ सौ लीटर नकली और मिलावटी ताड़ी और रसायन बरामद किया। उत्पाद अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान महिला कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए ताड़ी का सेंपल जांच हेतु पटना भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरामद ताड़ी का निर्माण नशीले रासायनिक पदार्थों से किया जा रहा था।

———————————————————————————

अररिया जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत महादेव चौक पर पुलिस ने एक पिकअप वैन से मछली के हांडी के अंदर छिपाकर ले जा रहे लगभग छह सौ लीटर बीयर बरामद किया है।

---

राजधानी पटना के दानापुर में आपसी रंजिश और जमीन विवाद मामले में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई। आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

---

मधेपुरा जिले के सदर थाना क्षेत्र की पुलिस ने पच्चीस हजार रूपये के इनामी कुख्यात अपराधी आशीष यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर हत्या समेत कई संगीन अपराधों में शामिल होने का आरोप है।

---

सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मत्स्यगंधा के पास अपराधियों ने हथियार के बल पर एक निजी फाइनेंस कम्पनी के एक कर्मी से लगभग आठ लाख तिरसठ हजार रूपये लूट लिये। लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने कर्मी को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई कैबिनेट मंत्रियों ने कार्यभार संभाला।
02. केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जीतन राम मांझी, नित्यानंद राय, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर और चिराग पासवान ने भी पदभार ग्रहण किया।
03. सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार किया। नीट यूजी– दो हजार चौबीस परीक्षाओं को रद्द करने की याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जवाब मांगा।
04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के कई हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में। पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।